आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 07.04.2026 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसानों की आय बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकतां
- केन्द्र सरकार ने राज्यों में प्रवासी मजदूरों को वितरित किए जाने वाले पांच किलोग्राम के एल.पी.जी. सिलेंडरों के दैनिक आवंटन को दोगुना करने का निर्णय कियां
- उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा–इग्नू ने दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा को सुलभ बनाया–विश्वविद्यालयों के 39 वे दीक्षांत समारोह में सवा तीन लाख विद्यार्थियों को उपाधियां दी गईं
- प्रदेश में आंधी बारिश का दौर जारी–राज्य के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुईं

000

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से में पहला क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन जयपुर में सम्पन्न हुआं इस सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा राजस्थान सहित महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात और गोवा के कृषि मंत्रियों, कृषि वैज्ञानिकों, अधिकारियो, प्रगतिशील किसानों, कृषि से जुड़े विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लियां इस मौके पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खाद्य सुरक्षा सुनिशचित करना और किसानों की आय बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए ठोस और बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं

सम्मेलन के दौरान मीडिया के बातचीत करते हुए श्री चौहान ने कहा कि कृषि से जुड़े हर राज्य के मुद्दे हैं, उन पर विस्तार के विमर्श के लिए ये पहला क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ हैं ऐसे अन्य क्षेत्रीय सम्मेलन और आयोजित होंगें उन्होंने कहा कि अगले तीन महीने में देश के सभी किसानों की आईडी बनाने का लक्ष्य तय किया गया हैं यह आईडी किसानों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगीं

.....................

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों से पारंपरिक खेती के बजाय प्रौद्योगिकी आधारित और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का आह्वान कियां साथ ही फसल चयन और खेती के तरीकों के लिए कृषि वैज्ञानिकों से परामर्श लेने की सलाह भी दीं

.........................

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई हैं नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर अंतर–मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति में कमी की कोई सूचना नहीं हैं उन्होंने बताया कि सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से चल रहे हैं और पेट्रोल तथा डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं सुश्री शर्मा ने कहा कि एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी भी सुचारू रूप से जारी है और ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग लगभग 96 प्रतिशत तक हो गई हैं उन्होंने कहा कि कुल वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन संकट–पूर्व स्तरों के लगभग 70 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया हैं इस बीच सरकार ने राज्यों में प्रवासी मजदूरों को वितरित किए जाने वाले पांच किलोग्राम के मुक्त व्यापार एलपीजी सिलेंडरों के दैनिक आवंटन को दोगुना करने का निर्णय किया हैं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा हैं इस बीच राज्य सरकार प्रदेश में भी घरेलू गैस आपूर्ति पर नज़र बनाये हुए हैं पाली में रसद विभाग की ओर

से लोगों को मांगलिक समारोहो में विभिन्न आवश्यकओं के लिए कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध करवाने की पहल की गई हैं ज़िला रसद अधिकारी कमल ने बताया कि इसके लिए लोगों को जिला रसद कार्यालय में निमंत्रण पत्र के साथ प्रार्थना–पत्र पेश करना होगां आयोजन से 10 दिन पहले यह प्रक्रिया पूरी करनी होगीं उन्होंने लोगों से ईधन के वैकल्पिक साधन अपनाने की अपील कीं

000

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके नागरिकों के ज्ञान, मूल्यों और क्षमताओं में निहित होती हैं वे आज नई दिल्ली में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय– इग्नू के 39वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थें श्री राधाकृष्णन ने कहा कि इग्नू ने सुलभ शिक्षा के माध्यम से पूरे देश को जोड़कर शिक्षा क्षेत्र के परिदृश्य को बदल दिया हैं उन्होंने इग्नू को राष्ट्र के मुक्त और दूरस्थ शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र का स्तंभ बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने शिक्षा को सुलभ बनाया हैं दीक्षांत समारोह में तीन लाख 24 हजार से अधिक विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई इधर इग्नू के जयपुर स्थित क्षेत्रीय केन्द्र में भी दीक्षांत समारोह आयोजित किया गयां अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद सभागार में हुए इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने शिरकत कीं

000

राज्य में जनगणना 2027 के पहले चरण के लिए आज से मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण शुरू हुआं 10 अप्रैल तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में राज्य के सभी जिलों से आए 41 मास्टर ट्रेनर शामिल हो रहे हैं साथ ही जयपुर के जनगणना कार्यालय से नामित 33 मास्टर ट्रेनर भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने कार्यक्रम की शुरूआत कीं उन्होंने सभी प्रतिभागियों को पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने को कहां मीडिया से बातचीत में मुख्य सचिव ने कहा कि जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल होगीं इसमें कई नवाचार किये गये हैं

...................

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण–रालसा की ओर से 8वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता बढाने के लिए आज से विशेष अभियान शुरू किया गया हैं इस अभियान के जरिये विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी जायेगीं विद्यार्थियों को इसके तहत हर मंगलवार को कानूनी प्रावधान और अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया जायेगां प्रदेश के करीब 1400 न्यायिक अधिकारी स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को जागरूक करेंगें रालसा के सदस्य सचिव हरिओम अत्री ने बताया कि विद्यार्थियों की समस्या के समाधान के लिए स्कूलों में कोर्ट वाली दीदी नाम से विशेष शिकायत और सुझाव पेटियां लगाई जायेंगीं

......................

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस हैं इसकी थीम ''टुगेदर फॉर हैल्थ स्टेण्ड विद साईंस'' रखी गई हैं यह थीम स्वस्थ जीवन के लिए एकजुटता और वैज्ञानिक सहयोग की शक्ति को दर्शाती हैं विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आज जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आयुर्वेद अधिवेशन और सम्मान समारोह आयोजित किया गयां कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री और आयुष मंत्री डॉ. प्रेम चन्द्र बैरवा ने शिरकत कीं इस दौरान आयुर्वेद के महत्व, भारतीय चिकित्सा पद्वति की वैज्ञानिक परम्परा और स्वस्थ समाज के निर्माण में इसकी भूमिका पर चर्चा की गईं साथ ही आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले विद्वानों और चिकित्सको को सम्मानित किया गयां

000

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने से आंधी बारिश का दौर लगातार जारी हैं राज्य के कई जिलों में आज भी तेज हवाओं के साथ बारिश हुई सवाईमाधोपुर, बारां, डीग और भरतपुर जिलों में दोपहर बाद आंधी के साथ झमाझम बरसात हुई भरतपुर में आंधी से कई जगह पेड़ उखड़ गये और होर्डिंग्स उड़ गएं जालौर में दोपहर बाद अचानक मौसम में बदल आ जाने से धूल भरी आंधी चली और घने बादल छा गएं कोटा और आस–पास के क्षेत्रों में आज मौसम के कई रंग देखने को मिलें दिन भर धूप और बादलों की लुका–छिपी का दौर जारी रहां जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई

बाड़मेर ज़िले में आज लगातार दूसरे दिन आंधी का दौर जारी रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआं इस बीच मौसम केंद्र जयपुर ने आज उत्तर पूर्व के 15 से ज्यादा जिलों के लिए आंधी, बारिश और कहीं कहीं ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया हैं इसके अलावा 15 से ज्यादा जिलों में लिए येलो अलर्ट जारी किया गया हैं केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि ज्यादातर जिलों में आंधी बारिश का सिलसिला कल दोपहर तक जारी रहेगां

.................

संस्कृति मंत्रालय ने वंदेमातरम फ्रेम्स राष्ट्रीय फिल्म निर्माण प्रतिस्पर्धा के लिए देशभर के फिल्म निर्माताओं और रचनात्मक व्यक्तियों को आमंत्रित किया हैं अपनी अद्‌भुत किस्सागोई के जरिये वंदेमातरम की भावना को दर्शाने के लिए यह प्रतिस्पर्धा राष्ट्र के प्रति गौरव को प्रदर्शित करने में अपनी रचनात्मकता, नवाचार और सिनेमाई कौशल को व्यक्त करने के लिए प्रतिभागियों को एक मंच प्रदान करती हैं प्रतिभागी अपनी फिल्म प्रविष्टियां ऑनलाईन भेज सकते चयनित प्रविष्टियों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी जाएगीं

000